GSEB Std 10 Hindi Textbook Solutions Chapter 21 पहेलियाँ-मुकरियाँ

GSEB Class 10 Hindi Solutions पहेलियाँ-मुकरियाँ Textbook Questions and Answers

स्वाध्याय

1. निम्नलिखित प्रश्नों के एक-एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

प्रश्न 1.

'तला' शब्द के दो अर्थ बताइए ।

उत्तर :

'तला' शब्द का एक अर्थ है किसी चीज को गर्म तेल में तलना और इसका दूसरा अर्थ है जूते के नीचे का हिस्सा यानी तल्ला।

प्रश्न 2.

'वजीर में दाने नहीं थे' क्या अर्थ है ?

उत्तर :

वजीर में 'दाने नहीं थे' का अर्थ है, 'वजीर दानेदार (यानी बुद्धिमान) नहीं था।'

प्रश्न 3.

ढोल और साजन में क्या समानता है ?

उत्तर :

डोल और साजन के बिना शादी नहीं हो सकती, ढोल और साजन की वाणी भी मोठी लगती हैं।

प्रश्न 4.

राम भजन बिना कौन नहीं सोता है ?

उत्तर :

राम-भजन बिना तोता नहीं सोता है।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

प्रश्न 1.

न फेरने पर रोटी, घोड़े और पान की क्या हालत होती है ?

उत्तर :

रोटी, घोड़े और पान को फेरना बेहद जरूरी है। रोटी न फेरने पर जल जाती है, घोड़ा न फेरने पर अड़ जाता है और पान को न फेरा जाए तो वह सड़ जाता है।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

प्रश्न 2.

चक्की के दो पाटों की क्या विशेषता बताई हैं ?

उत्तर :

एक महिला के दो बालकों की तरह दोनों पार्टी का रंग एक-सा होता है। अंतर इतना ही होता है कि उनमें से एक पाट चलता रहता है और दूसरा पाट अपने स्थान पर स्थिर रहता है। इसके बावजूद दोनों हमेशा साथ-साथ रहते हैं।

प्रश्न 3.

लोटा क्या-क्या करता है ?

उत्तर :

जब प्यास लगती है तो लोटा मांगने पर जल भरकर ला देता है। वह लोगों की प्यास बुझाता है। लोटा देखने में तो छोटा लगता है पर उसमें पानी काफी आता है।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in